Social Justice Union
Govt. Registered

दैनिक
# न्याय साक्षी
अधिकार से न्याय तक

**आवश्यक सूचना**
आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्याससाक्षी अधिकार से न्याय तक का सर्वे का कार्य तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 | Postal Registration No-055/Raigarh DN CG | रायगढ़, बुधवार 24 अगस्त 2022 | पृष्ठ-4, मूल्य 3 रुपए | वर्ष-04, अंक- 325

## सशस्त्र बलों में एमएसीपी योजना अतार्किक नहीं बल्कि सुविचारित निर्णय : सुप्रीम कोर्ट



**नई दिल्ली (आरएनएस)।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को कहा कि सशस्त्र बलों में संशोधित सुनिश्चित करियर प्रगति (एमएसीपी) योजना सरकार द्वारा लिया गया एक सुविचारित निर्णय है। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति बेला एम. त्रिवेदी की पीठ ने कहा: एमएसीपी योजना कर्मचारियों के एक वर्ग के लिए तर्कहीन, अन्यायपूर्ण और प्रतिकूल नहीं है, बल्कि एक सुविचारित निर्णय है जिसमें सभी सामग्री और प्रासंगिक कारकों को ध्यान में रखा गया है।

इसने फैसला सुनाया कि एमएसीपी योजना 1 सितंबर, 2008 से लागू है, और एमएसीपी योजना के अनुसार, धारा 1 भाग में बताए गए वेतन बैंड के पदानुक्रम में तत्काल अगले ग्रेड वेतन के बराबर वित्तीय उन्नयन के लिए पात्रता है। पीठ ने कहा कि अदालतें आम तौर पर क्षेत्र में विशेषज्ञों द्वारा सुविचारित निर्णयों में हस्तक्षेप नहीं करेंगी, जब तक अडॉप्टेशन वैधानिक उल्लंघन के कारण खराब नहीं हो। इसमें कहा गया है कि संविधान द्वारा कार्यपालिका को चुनने का अधिकार दिया गया है क्योंकि उसका कर्तव्य निर्वहन करना है, और वह अपनी कार्रवाई के लिए जिम्मेदार और जवाबदेह है। न्यायालय वैधता चुनौती की जांच करता है।

शीर्ष अदालत ने कहा: वेतन निर्धारण और सेवा की शर्तों सहित वित्तीय मामलों में, प्रचलित वित्तीय स्थिति, अतिरिक्त दायित्व वहन करने की क्षमता जैसे कई कारक प्रासंगिक हैं और इसलिए, अदालतें सावधानी से चलती हैं क्योंकि हस्तक्षेप का गंभीर प्रभाव पड़ सकता है। सरकारी खजाने और गंभीर वित्तीय निहितार्थ हैं। वेतनमानों और प्रोत्साहनों का निर्धारण सरकार द्वारा लिए गए निर्णय का मामला है, जो केंद्रीय वेतन आयोग जैसे विशेषज्ञ निकाय की सिफारिश के आधार पर लेना चाहिए।

योजना के तहत, नियमित सेवा के 10, 20 और 30 वर्ष पूरे होने पर, एक कर्मचारी केंद्रीय सिविल की पहली अनुसूची के सेवाएं (संशोधित वेतन) नियम, 2008 के भाग 1, भाग ए में दिए गए अनुसार अगले उच्च ग्रेड वेतन और ग्रेड वेतन में वित्तीय उन्नयन का हकदार है।

पीठ ने कहा यह ध्यान दिया जाना चाहिए कि एमएसीपी योजना 10, 20 और 30 साल की अवधि के बाद तीन वित्तीय उन्नयन के अनुदान को निर्धारित करती है, जबकि एसीपी योजना ने 12 और 24 की अवधि के बाद केवल दो वित्तीय उन्नयन का अनुदान दिया था।

## महत्वपूर्ण एवं खास

### नौशेरा सेक्टर में घुसपैठ की कोशिश नाकाम, दो घुसपैठियों को सेना ने मार गिराया

जम्मू ,23 अगस्त (आरएनएस)। जम्मू कश्मीर में राजौरी जिले के नौशेरा इलाके में नियंत्रण रेखा पर सेना के जवानों ने घुसपैठ की कोशिश को नाकाम कर दो पाकिस्तानी घुसपैठियों को मार गिराया। रक्षा प्रवक्ता ने एक बयान में बताया कि सोमवार-मंगलवार की दरम्यानी रात लाम सेक्टर में सतर्क सैनिकों ने घुसपैठ की कोशिश को नाकाम कर दिया। घुसपैठ वाले स्थान के सामान्य क्षेत्र की टोही जारी है। उन्होंने बताया कि चडकॉप्टर द्वारा सैन्य जांच स्कैन किया जा रहा है। स्कैन के दौरान घुसपैठियों के दो शव देखे गये हैं। इससे पहले रविवार के दिन भारतीय सेना ने ही नौशेरा सेक्टर में घुसपैठिए को गोली मारी थी। घुसपैठिए की पहचान पाकिस्तानी आतंकी तबारक हुसैन के रूप में हुई थी, लेकिन आज एक बार फिर घुसपैठ के प्रयास पाकिस्तानी आतंकियों ने की है, जिसको वक्त रहते भारतीय सेना ने विफल किया है। भारतीय सेना के अधिकारियों ने बताया कि 22 /23 की दरमियानी रात को भारतीय सेना की तरफ से राजौरी जिले के नौशेरा सेक्टर में घुसपैठ की साजिश को विफल बनाया गया। दो घुसपैठिए को ढेर किया गया। इलाके में इस वक्त सर्च ऑपरेशन चल रहा है।

### राजस्थान के मुख्यमंत्री ने लंपी त्वचा रोग से निपटने के लिए 30 करोड़ रुपये मंजूर किए

**जयपुर (आरएनएस)।** राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने मवेशियों में लंपी स्किन रोग को रोकने के लिए दवाएं और टीके खरीदने के लिए 30 करोड़ रुपये की मंजूरी दी। सीएम कार्यालय द्वारा जारी एक प्रेस नोट में कहा गया है कि लंपी त्वचा रोग के प्रसार को रोकने के लिए राज्य सरकार पूरी प्रतिबद्धता और गंभीरता के साथ काम कर रही है। इससे पहले भी बिना टेंडर जारी किए जरूरी दवाएं खरीदने का निर्णय लिया गया था। गौरतलब है कि पशुपालन विभाग ने 2022-23 वित्तीय वर्ष में पशुधन निशुल्क आरोग्य योजना के तहत 30 करोड़ रुपये के अतिरिक्त प्रावधान का प्रस्ताव जिलों को लंपी त्वचा रोग की रोकथाम के लिए दवाओं और टीकों की खरीद के लिए प्रस्तुत किया था, जो कि वर्तमान में पूरे राज्य में फैल रहा है। मुख्यमंत्री ने इस प्रस्ताव को मंजूरी दे दी। सीएम की मंजूरी के बाद पशुओं में इस चर्म रोग को फैलने से रोकने के लिए जरूरत के मुताबिक तत्काल टीके और दवाएं खरीदी जा सकती हैं।

### कॉमेडियन राजू श्रीवास्तव अभी भी कोमा में, वेंटीलेटर सपोर्ट कम किया गया

**कानपुर ( आरएनएस)।** कॉमेडियन राजू श्रीवास्तव का मंगलवार को एम्स में 14वां दिन है। वह अभी भी कोमा में हैं। राजू के परिवार के करीबी मित्र ने बताया कि अब वेंटीलेटर सपोर्ट कम किया गया है। मुंह की जगह गले में छेद कर नली से ऑक्सीजन दी जा रही है। एम्स के न्यूरोलॉजी की हेड डॉ. पद्मा श्रीवास्तव की देखरेख में इलाज किया जा रहा है। चिकित्सकों के मुताबिक,राजू की सेहत की प्रगति धीमी है, लेकिन उनके बॉडी के सभी ऑर्गन बिल्कुल फिट काम कर रहे हैं। क्षेत्रीय पार्षद और परिवार के करीबी सुनील कनौजिया ने बताया,राजू के स्वास्थ्य में जिस तरह से सुधार हो रहा है। उनका वेंटीलेटर एक या दो दिन में धीरे-धीरे कुछ घंटों के लिए हटाया जा सकता है। पहले भी एक बार एक घंटे के लिए वेंटीलेटर हटाया गया था।

## त्रिपुरा में बीएसएफ का बड़ा ऑपरेशन, 80 लाख के नशीले पदार्थ जब्त किए



**नई दिल्ली (आरएनएस)।** सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने त्रिपुरा में अलग-अलग ऑपरेशन चलाकर करीब 80 लाख के नशीले पदार्थ जब्त किए हैं। बीएसएफ त्रिपुरा यूनिट की तरफ से यह जानकारी साझा की गई। सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) भारत-बांग्लादेश सीमा पर ड्रग्स को लेकर स्पेशल ऑपरेशन चला रही है। इसी कड़ी में रविवार और सोमवार को बीएसएफ ने त्रिपुरा के सीमावर्ती इलाकों में अलग-अलग कार्यवाही करते हुए लाखों के नशीले पदार्थ जब्त किए हैं। नशे की ये खेप अनाधिकृत तरीके से बांग्लादेश भेजी जा रही थी।

बीएसएफ से मिली जानकारी के मुताबिक, बीएसएफ की त्रिपुरा स्थित 133 सीमांत बटालियन के जवानों ने खुफिया इनपुट के आधार पर बांग्लादेश से लगे सीमावर्ती इलाकों में कई जगह स्पेशल ऑपरेशन चलाया गया। इसमें 9880 प्रतिबंधित याबा टेबलेट, 37 किलो गांजा, 184 बोतल फेंसिडिल, 18 मवेशी और 118 नए मोबाइल फोन बरामद किए गए हैं। इन सभी की कीमत 79,27,793 लाख आंकी गई है।

जानकारी के मुताबिक, ये सभी नशीले पदार्थ और अन्य सामान सीमा के पार बांग्लादेश भेजने की तैयारी थी। मगर बीएसएफ की मुस्तैदी ने एक बड़ी तस्करी की साजिश को नाकाम कर दिया। फिलहाल सीमा सुरक्षा बल के जवान स्थानीय पुलिस के साथ मिलकर ये जानने की कोशिश कर रहे हैं कि ये तस्करी का रैकिट किसके जरिए चलाया जा रहा था। आने वाले समय में कुछ गिरफ्तारियां भी हो सकती हैं। गौरतलब है कि बीएसएफ लंबे वक्त से भारत-बांग्लादेश सीमा पर ड्रग्स की तस्करी के खिलाफ ऑपरेशन चला रही है।

## तमिलनाडु में सलेम-चेन्नई राष्ट्रीय राजमार्ग पर मिनीबस-वैन की टक्कर में 6 की मौत




**चेन्नई (आरएनएस)।** सलेम-चेन्नई राष्ट्रीय राजमार्ग पर मंगलवार सुबह एक मिनी बस और वैन की आमने-सामने की टक्कर में 6 लोगों की मौत हो गई और 5 अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। पांच घायलों में एक की हालत नाजुक बताई जा रही है।

पुलिस ने कहा कि नमक्कल जिले के कोमारपालयम के रहने वाले 29 वार्षिय राजेश सोमवार को अत्तूर के लेघ बाजार में एक अंतिम संस्कार में शामिल होने आए थे।

मंगलवार तडक़े वह अपने दस रिश्तेदारों और दोस्तों के साथ सलेम-चेन्नई राष्ट्रीय राजमार्ग पर एक चाय की दुकान की ओर जा रहा था। जब वे एक फ्लाईओवर पर पहुंचे, तो एक ऑम्निबस उनकी वैन से टकरा गई।

वैन में सवार सभी 11 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए, जबकि छह की मौके पर ही मौत हो गई।

वाहन चला रहे राजेश, ए. राम्या (25), एस. सरन्या (23), एस. सुगन्या (27), एम. संथिया (23), और एस. धंशिका (11) ने अत्तूर के पास मुल्लावाडी की जान गंवा दी।

घायल पी. पेरियानन (38), एच. भुवनेश्वरी (17), एस. कृष्णवेनी (45), एस. उदयकुमार (17), और एम. सुधा (35) का सलेम सरकारी मोहन कुमारमंगलम मेडिकल कॉलेज अस्पताल में इलाज चल रहा है।

## राजस्थान में भारी बारिश का कहर, 3 जिलों में स्कूल बंद



**जयपुर (आरएनएस)।** राजस्थान के कई हिस्सों में भारी बारिश ने कहर बरपाया है। इसकी वजह से कोटा, झालावाड़ और टोंक जिलों के स्कूलों को छुट्टियां घोषित करने के लिए मजबूर होना पड़ा है। मौसम विज्ञान के अधिकारियों ने मंगलवार सुबह पुष्टि की कि झालावाड़ जिले में पिछले 24 घंटों में अत्यधिक भारी वर्षा दर्ज की गई, जो कि दाग तहसील में 284 मिमी थी।

पिछले 24 घंटों में कोटा में 126 मिमी की बहुत भारी बारिश दर्ज की गई। चित्तौडग़ढ़ और भीलवाड़ा में 184 मिमी और 160 मिमी की बहुत भारी वर्षा दर्ज की गई।

प्रतापगढ़ जिले में भी पिछले 24 घंटों में 258 मिमी बारिश दर्ज की गई, जो मौसम विभाग के अनुसार बेहद भारी थी।

सरकारी और निजी दोनों स्कूलों ने कोटा में अवकाश घोषित कर दिया है और मंगलवार को दूसरे दिन भी बंद रहे। भारी बारिश को देखते हुए सोमवार को ही झालावाड़ में दो दिन का अवकाश घोषित किया गया था।

टोंक जिले में भी मंगलवार को स्कूलों में छुट्टी की घोषणा की गई। कोटा संभाग के बारां जिले में मंगलवार और बुधवार को सभी स्कूलों को दो दिन के लिए बंद रखने के आदेश जारी किए गए हैं।

कोटा संभाग में भारी बारिश से बाढ़ जैसे हालात हो गए और बूंदी, बारां और झालावाड़ जिलों में भी लगातार बारिश चिंता का विषय बन गई है। पीड़ितों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने के लिए बचाव दल काम कर रहे थे।

कोटा में सोमवार को बचाव दल ने सैकड़ों लोगों को खतरे वाले इलाकों से निकालकर सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया। पानी से घिरे लोगों तक खाने के पैकेट भी पहुंचाए जा रहे थे, हाड़ौती संभाग में बारिश को लेकर हाहाकार मच गया है।

वहीं टोंक जिले में भी बारिश ने कहर बरपाया है, बीसलपुर बांध में पानी की आवक तेज हो गई है और बीसलपुर बांध का जलस्तर 313.57 आरएल मीटर तक पहुंच गया है।

बांध की कुल भरने की क्षमता 315.50 आरएल मीटर है। इस बांध से अजमेर और टोंक और राजधानी जयपुर को भी पीने के पानी की आपूर्ति की जाती है।

## बेनामी संपत्ति मामले में अब नहीं जाना होगा जेल, सुप्रीम कोर्ट ने सुनाया बड़ा फैसला



**नई दिल्ली (आरएनएस)।** बेनामी संपत्ति को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को बड़ा फैसला सुनाया है। कोर्ट ने इस कानून को चुनौती देने वाली याचिका पर कहा कि बेनामी संपत्ति कानून-2016 में किया गया संशोधन उचित नहीं है। अब ऐसे मामले में किसी को जेल नहीं जाना होगा। सुप्रीम कोर्ट ने बड़ा फैसला लेते हुए बेनामी संपत्ति के मामले में तीन साल तक की सजा के कानून को ने निरस्त कर दिया है।

सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई के दौरान कहा कि बेनामी ट्रांजेक्शन एक्ट, 2016 की धारा 3(2) को मनमाना बताया है। इस धारा के तहत तीन साल की सजा का प्रावधान था। कोर्ट ने कहा कि यह धारा स्पष्ट रूप से मनमानी है। सुप्रीम कोर्ट का कहना है कि 2016 के कानून के तहत सरकार को मिला संपत्ति जब्त करने का अधिकार पिछली तारीख से लागू नहीं हो सकता है। यानी पुराने मामलों में 2016 के कानून के तहत कार्रवाई नहीं हो सकती।

चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया एनवी रमणा, जस्टिस कृष्ण मुरारी और जस्टिस हीमा कोहली की पीठ ने इस मामले पर फैसला दिया है। पीठ ने कहा है कि 1988 के एक्ट के अनुसार ही 2016 में लाए गए अधिनियम के सेक्शन 3(2) को भी असंवैधानिक करार दिया गया है। क्योंकि यह संविधान के आर्टिकल 20(1) का उल्लंघन करता है।

बेनामी संपत्ति वह प्रॉपर्टी है जिसकी कीमत किसी और ने चुकाई हो, लेकिन नाम किसी दूसरे व्यक्ति का हो। यह संपत्ति पत्नी, बच्चों या किसी रिश्तेदार के नाम पर भी खरीदी गई होती है। जिसके नाम पर ऐसी संपत्ति खरीदी गई होती है, उसे 'बेनामदार' कहा जाता है।

## डीआरडीओ व नौसेना ने किया सफलतापूर्वक परीक्षण, मिसाइल ने जमीन से हवा में नष्ट किया टारगेट

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** आज रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन और भारतीय नौसेना को बड़ी सफलता हाथ लगी है। आज ओडिशा के तट पर चांदीपुर एकीकृत परीक्षण रेंज से वर्टिकल लॉन्च शॉर्ट रेंज सरफेस-टू-एयर मिसाइल का सफलतापूर्वक परीक्षण किया गया। मिसाइलों ने सटीकता के साथ प्रहार किया और लक्ष्यों को सफलतापूर्वक नष्ट कर दिया। जानकारी के अनुसार एक तेज गति वाले मानव रहित हवाई लक्ष्य के खिलाफ भारतीय नौसेना के जहाज से उड़ान परीक्षण किया गया था। स्वदेशी रेडियो फ्रीक्वेंसी को पकडऩे की क्षमता से लैस मिसाइलों ने उच्च सटीकता के साथ लक्ष्य को भेदने में कामयाबी हासिल की। वर्टिकल लॉन्च शॉर्ट रेंज सरफेस-टू-एयर मिसाइल सिस्टम को रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन द्वारा स्वदेशी रूप से डिजाइन और विकसित किया गया है।

## सोनिया गांधी ने द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की



**नई दिल्ली (आरएनएस)।** कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी ने मंगलवार को यहां राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की। राष्ट्रपति भवन ने एक ट्वीट करके जानकारी दी कि कांग्रेस अध्यक्ष ने आज राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति से मुलाकात की। दोनों के बीच मुलाकात के बारे में आधिकारिक रूप से कोई ब्योरा नहीं दिया गया है और इसे शिष्टाचार भेंट बताया जा रहा है।

राष्ट्रपति चुने जाने के बाद श्रीमती मुर्मू से श्रीमती गांधी की यह पहली मुलाकात है। राष्ट्रपति पद की शपथ लेने के बाद से ही देशभर के प्रमुख नेता और मंत्री श्रीमती मुर्मू से शिष्टाचार भेंट करने के लिए आ रहे हैं। श्रीमती गांधी की मुलाकात को भी इसी कड़ी के रूप में देखा जा रहा है।

## बीजेपी नेता सोनाली फोगाट का निधन, गोवा में हार्ट अटैक से गई जान



**नई दिल्ली (आरएनएस)।** भाजपा नेता, बिग बॉस फेम और टिकटॉक स्टार सोनाली फोगाट का दिल का दौरा पडऩे से निधन हो गया। वे उस वक्त गोवा में थीं। अपने कुछ स्टाफ सदस्यों के साथ गोवा गई थी। उनके भाई वतन ढाका ने मौत की खबर की पुष्टि की है। उनकी एक बेटी है। वहीं सोनाली फौगाट की मौत की सूचना पर उनका परिवार भूथन से गोवा के लिए रवाना हो गया है। 2016 में सोनाली के पति संजय फौगाट भी फार्म हाउस में मृत मिले थे। फतेहाबाद के भूत्थन खुर्द में ढाका परिवार की बेटी सोनाली 22 से 25 तक अपने पूर्व निर्धारित गोवा टूर पर थी। वे अपने टिकटॉक वीडियो से चर्चा में रहती थीं।

सोनाली ने अपने करियर की शुरुआत साल 2006 में एंकरिंग से की थी। वह हिसार दूरदर्शन के लिए एंकरिंग करती थीं। दो साल बाद 2008 में उन्होंने भाजपा की सदस्यता ले ली। 2019 में भाजपा की टिकट पर आदमपुर से विधानसभा का चुनाव लड़ा था। सोनाली पंजाबी और हरियाणवी फिल्में, म्यूजिक वीडियोज कर चुकी थी। उन्होंने साल 2019 में फिल्म छोरियां छोरों से कम नहीं होती में काम किया था। यह उनकी पहली फिल्म थी। बिग बॉस के दौरान उन्होंने खुलासा किया था कि उनके पति के निधन के बाद बहुत से लोगों ने उनका मानसिक उत्पीडऩ करने की कोशिश की थी। उस समय वे काफी अकेली पड़ गई थीं।

सोनाली किसान आंदोलन के दौरान अपने बयानों को लेकर काफी चर्चा में रही थीं। उन्होंने किसान आंदोलन पर कहा कि कृषि कानून किसानों के फायदे के लिए हैं। किसानों को बरगलाया गया है।

## 20 कुत्ते और ड्रोन भी नहीं ढूंढ़ पाए रहस्यमयी तेन्दुए को, अब हाथियों को लाने की तैयारी; कई स्कूल बंद



**बेलगावी (आरएनएस)।** कर्नाटक में एक तेन्दुआ रहस्यमयी बना हुआ। इसके डर से कई स्कूलों को बंद करना पड़ा है। ये स्कूल अब बच्चों को ऑनलाइन पढ़ाने के लिए मजबूर हैं। अधिकारियों ने मंगलवार को कहा कि बेलगावी शहर की सीमा के भीतर देखे गए तेंदुए को पकडऩे के लिए तलाशी अभियान जारी है। जिला आयुक्त नितेश पाटिल ने 22 स्कूलों को सोमवार को छुट्टी रखने का निर्देश दिया था। हालांकि अब इन स्कूलों से कहा है कि वे ऑनलाइन कक्षाएं जारी रखें।

इस बीच वन और पुलिस विभाग के 200 कर्मियों ने सोमवार रात तेंदुए को पकडऩे के लिए अभियान जारी रखा। तेंदुए का पता लगाने के लिए पुलिस 20 कुत्ते और ड्रोन भी लेकर आई है लेकिन उसका अभी तक पता नहीं चल सका। वन विभाग के सूत्रों ने बताया कि तेंदुए का पता लगाने में कर्मचारियों की मदद के लिए शिवमोग्गा के पास साकरेबेलू कैंप से हाथियों को लाया जाएगा।

वन मंत्री उमेश कट्टी ने मीडिया से कहा, तेंदुआ जल्द पकड़ लिया जाएगा। वन विभाग आवश्यक कदम उठा रहा है। तेंदुए को पकडऩे के लिए तैनात अधिकारियों के साथ निशानेबाज भी लगाए गए हैं। सोमवार को सोशल मीडिया पर तेंदुए का एक वीडियो सामने आया था। इसमें वह सैन्य क्षेत्र के पास क्लब रोड पार करते दिख रहा है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, एक बस ड्राइवर को तेंदुए को गोली मारते हुए भी देखा गया है। वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

तेंदुए को पहली बार 5 अगस्त को देखा गया था जब उसने जाधव नगर में दो कामगारों पर हमला किया था। हालांकि उसके बाद से वन विभाग ने जानवर को पकडऩे के लिए कैमरा ट्रैप और पिंजरे लगाए हैं, लेकिन प्रयास निरर्थक रहे। विभाग ने पहले कहा था कि तेंदुआ 8 अगस्त को गोल्फ कोर्स में भाग गया था। एहतियात के तौर पर, स्कूलों को 8 से 17 अगस्त तक बंद कर दिया गया था।